दिन–मंगलवार दिनांक– 13/08/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

पीएम–सूर्य घर–मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत देश के प्रत्येक जिले में एक आदर्श सौर ग्राम बनाया जाएगा। केन्द्र सरकार ने इस योजना के अंतर्गत आदर्श सौर ग्राम योजना के कार्यान्वयन के लिए दिशा–निर्देश जारी किया है। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के अनुसार इसके लिए कुल आठ सौ करोड़ रुपये आवंटित किए गये हैं। इस योजना के अंतर्गत गांव की आबादी पांच हजार और विशेष श्रेणी के राज्यों के लिए दो हजार से अधिक होनी चाहिए। इसके साथ ही प्रत्येक जिले के सबसे अधिक नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता वाले विजेता गांव को एक करोड़ रुपये का केंद्रीय वित्तीय सहायता अनुदान मिलेगा। इस वर्ष फरवरी में, सरकार ने सौर छत क्षमता की हिस्सेदारी बढ़ाने और आवासीय परिवारों को बिजली पैदा करने के लिए सशक्त बनाने के उद्देश्य से इस योजना को स्वीकृति दी है।

———————————————————————

केन्द्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने सभी निजी सैटेलाईट टेलीविजन चैनलों को परामर्श जारी कर कहा है कि वे आपदाओं और दुर्घटनाओं के वीडियो तारीख और समय के साथ दिखाएं। परामर्श में कहा गया है कि जब भी कोई प्राकृतिक आपदा आती है तब टेलीविजन चैनल कई दिनों तक लगातार ये खबरें दिखाते हैं, लेकिन बार–बार दुर्धटना के दिन के दृश्य ही दिखाते रहते हैं। इसमें यह भी कहा गया है कि इससे अनावश्यक रूप से भ्रम की स्थिति पैदा होती है और दर्शकों में घबराहट होने लगती है। टेलीविजन चैनलों को यह सुनिश्चित करने की भी सलाह दी गई है कि वे दृश्यों को दिखाते हुए सबसे ऊपर तारीख और समय का उल्लेख करें ताकि दर्शकों को किसी भी तरह की गलतफहमी न हो सके।

———————————————————————

नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र में हो रही बारिश के कारण गंगा, गंडक, बूढ़ी गंडक, बागमती, घाघरा और कोसी समेत विभिन्न नदियों के जलस्तर में लगातार वृद्धि हो रही है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा नदी का जलस्तर पटना के दीघा घाट, गांधी घाट और हाथीदह में लाल निशान से ऊपर बह रही है। भागलपुर के कहलगांव में भी गंगा नदी का जलस्तर खतरे के निशान से तिरेसठ सेंटीमीटर ऊपर है। वहीं, सोन नदी का जलस्तर पटना के मनेर में खतरे के निशान के आस–पास बना

हुआ है। घाघरा नदी का जलस्तर सीवान के दरौली में लाल निशान से इकतीस सेंटीमीटर ऊपर बनी हुई है। उधर, गंडक नदी गोपालगंज के डुमरियाघाट में इकतीस सेंटीमीटर, बूढ़ी गंडक नदी का जलस्तर खगड़िया में खतरे के निशान से अट्‌ठासी सेंटीमीटर ऊपर जबकि कमला बलान मधुबनी के झंझारपुर में तथा परमान नदी अररिया में खतरे के निशान के आस–पास बना हुआ है। बागमती नदी का जलस्तर सीतामढ़ी रून्नीसैदपुर और मुजफ्फरपुर के बेनीबाद में खतरे के निशान को पार कर गया है। कोसी नदी कटिहार के कुर्सेला में खतरे के निशान से चौरासी सेंटीमीटर ऊपर बह रही है।

———————————————————————————

पूरे प्रदेश में मॉनसून की गतिविधि कमजोर रही। मौसम विभाग ने आज कैमूर, रोहतास, मुजफ्फरपुर और शिवहर जिले के एक दो स्थानों पर भारी बारिश होने की सम्भावना है। वहीं, पटना समेत शेष स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना है। विभाग के अनुसार अगले पांच दिनों के दौरान तापमान में विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। राज्य के दक्षिण, उत्तर–पश्चिम और उत्तर–मध्य भागों में कुछ स्थानों पर मेघ गर्जन और वज्रपात की भी आशंका है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान सबसे अधिक आरा में पचपन दशमलव चार मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। अररिया के पलासी में बयालीस दशमलव चार और बांका में छत्तीस दश्मलव पांच मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी।

———————————————————————————

औरंगाबाद जिले के दाउदनगर थाना क्षेत्र अन्तर्गत चमन बिगहा गांव के पास एक कार के अनियंत्रित होकर सोन नहर में पलट जाने से कार पर सवार पांच लोगों की मौत मौके पर ही हो गई है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ऋषि राज ने बताया कि सभी मृतक पटना के राजीव नगर के निवासी बताए जाते हैं।

———————————————————————————

आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर कैमूर जिले में भाजपा कार्यकर्ताओं ने आज लगभग तीस किलोमीटर लंबी तिरंगा यात्रा निकाली। तिरंगा यात्रा में भारी संख्या में लोग शामिल हुये।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।